अपनी बात

अंक : 475, वर्ष 37 | सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका | राँची, 31 जनवरी, 2014

गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मुख्यालय, राँची के महात्मा गांधी क्रीडांगण में हमारे अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री गोपाल सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया तथा सीसीएल सुरक्षा कर्मियों, सी.आइ.एस.एफ. के जवानों, आर्मी बैन्ड के जवानों, गांधीनगर, डी ए वी एवं ज्ञानोदय स्कूल के छात्र–छात्राओं के मिली–जुली परेड का निरीक्षण किया एवं राष्ट्रीय झंडे को सलामी दी। इस अवसर पर सुरक्षा कर्मियों तथा परेड में शामिल बच्चों को सीएमडी श्री सिंह ने पुरस्कार प्रदान किया। गोरखा रेजीमेन्ट आर्मी बैन्ड के जवानों का आकर्षक बैन्ड प्रस्तुतीकरण तथा डी ए वी, गांधीनगर एवं ज्ञानोदय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की सभी ने प्रशंसा की। इस अवसर पर मोरहाबादी मैदान में सीसीएल की झांकी का भी प्रदर्शन किया गया जो प्रशंसनीय

नृत्यरत स्कूल की बालिकाएं

था। अवसर विशेष पर शांति एवं प्रगति स्वरूप मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने गुब्बारे उड़ाये। समारोह में निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री टी के नाग निदेशक (कार्मिक) श्री आर आर मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्रीमती विस्मिता तेज, धर्मपत्नी सीएमडी, सीसीएल, श्रीमती प्रमिला सिंह, धर्मपत्नी निदेशक (तक/संचा) श्रीमती नीना नाग, औधोगिक सुरक्षा बल के उप महानिदेशक, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी, श्रमिक यूनियन के प्रतिनिधिगण एवं सीसीएल कर्मी सपरिवार तथा आम लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

ध्वजारोहण करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

अपने संबोधन में सीएमडी श्री सिंह ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी लोगों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी और कामना की कि हमारे राष्ट्र की प्रगति यात्रा की निरंतरता बनी रहे ताकि हमारे समाज में कोई गरीब न हो, दुखी न हो, सभी के चेहरे पर मुस्कान हो। उन्होंने कहा कि आज का दिन स्वभावतः हमें अपने पूर्वजों की याद दिला देता है। हमारे वही पूर्वज, जिन्होंने हमारी भारत मां को स्वतंत्र करने के लिए, भारतवर्ष को गणतंत्रता प्रदान करने के लिए हंसते–हंसते अपने आप को शहीद कर दिया। आज हम सभी उन्हें शत्–शत् नमन करते हैं और श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्री सिंह ने कम्पनी के कोयला उत्पादन, प्रेषण के साथ साथ सी.एस.आर. कार्यक्रम के तहत किये जा रहे तथा किये जाने वाले कायाकल्प योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी एवं कहा कि कायाकल्प मॉडल धीरे–धीरे जबरदस्त रंग ला रहा है, समावेशी विकास का यह आधार है। उन्होंने इन योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिये सभी सीसीएल कर्मियों का आह्वान किया ताकि कम्पनी की पहली प्राथमिकता – ग्रामीण, गरीबों एवं श्रमिकों का सर्वांगीण विकास को प्राप्त किया जा सके। श्री सिंह ने सीसीएल के नयी परियोजनाओं जैसे पुरनाडीह क्वेरी संख्या : 01, कोनार, बिरसा तथा आम्रपाली आदि के संबंध में जानकारी दी तथा उक्त क्षेत्र के ग्रामीणों को परियोजना के लिए जमीन देकर सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया।

निदेशक (कार्मिक) श्री आर आर मिश्र ने मुख्यालय, दरभंगा हाउस

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की एक झलक

तथा गांधीनगर केन्द्रीय अस्पताल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उपस्थित श्रम संघ के नेताओं एवं उपस्थित सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। श्री मिश्र ने गांधीनगर अस्पताल के सी.एम.एस. इंचार्ज डा. वी के शर्मा के साथ अस्पताल के मरीजों के बीच फल का वितरण भी किया। सीसीएल के राजेन्द्र नगर कॉलोनी तथा जवाहर नगर कॉलोनी एवं गांधीनगर रिक्रियेशन क्लब में भी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

रक्तदान शिविर का आयोजन

विगत 19 जनवरी को डोरन्डा स्थित संत जेवियर्स स्कूल परिसर में आयोजित कार्निवल में सीसीएल पैथोलॉजी विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 40 लोगों ने अपना निबंधन कराया तथा 25 लोगों ने 25 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन सीसीएल के डॉ. के के दास, डॉ. संजय केडिया तथा पारामेडिकल कर्मियों के सक्रिय सहयोग से सम्पन्न हुआ।

> कला का उद्देश्य चीजों के बाहरी रूप को दर्शाना नहीं बल्कि उनके आंतरिक महत्व को दर्शाना है।
>
> –अरस्तु

गांधीनगर अस्पताल में निःशुल्क मेगा नेत्र जांच शिविर

केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (आपरेशन ज्योति) के अन्तर्गत, कंपनी द्वारा चलाये जा रहे स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम के अन्तर्गत 20 एवं 21 जनवरी, 2014 को निःशुल्क मेगा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांचोपरांत 21 से 25 जनवरी, 2014 तक आपरेशन के बाद उन्हें निःशुल्क, दवाइयां तथा काला चश्मा दिया गया। शिविर में डा. नन्दिता अग्रवाल, डा. बी. के. सिन्हा, डा. मयूरी भट्टाचार्य तथा डा. उत्पला ने मरीजों की जांच कर आपरेशन में हिस्सा लिया। बड़ी संख्या में लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया।

ज्ञातव्य हो कि सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर के अलावा केन्द्रीय अस्पताल नईसराय एवं क्षेत्रीय अस्पतालों में भी निःशुल्क नेत्र शिविरों का आयोजन किया जाता है।

शिविर में आये मरीजों की सीसीएल अस्पताल प्रबंधन की

मरीजों की जांच करती हुई चिकित्सक

ओर से निःशुल्क खाने पीने, रहने, लेन्स, दवाईयां एवं ठहरने आदि की व्यवस्था की गई थी।

सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक, जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निवेदिता बनर्जी, वरीय अधिकारी (रा.भा.), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)